सीएसआईआर-सीरी में प्रशासनिक कार्यशाला का आयोजन

आचरण नियमों पर हुआ आमंत्रित व्याख्यान

संस्थान में दिनांक 11 अप्रैल, 2022 को आचरण नियमों (Conduct Rules) पर **प्रशासनिक कार्यशाला** का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी सहकर्मियों के लाभार्थ आचरण नियमों पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान हेतु पूर्व प्रशासन नियंत्रक/उपसचिव श्री मुकुंद सहाय को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य सभी सहकर्मियों को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए लागू आचरण नियमों की जानकारी देना था। कार्यशाला की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने किया। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यशाला में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारीगण एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।



आचरण नियमों पर आमंत्रित व्याख्यान देते हुए श्री मुकुंद सहाय, पूर्व प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ

श्री मुकुंद सहाय, पूर्व प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ ने सहकर्मियों को केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 पर विस्तार से जानकारी दी। अपने आरंभिक संबोधन में उन्होंने आचरण नियमों की आवश्यकता एवं पृष्ठभूमि से भी अवगत कराया। अपने व्याख्यान के माध्यम से उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के रूप में न केवल कार्यालय अपितु कार्यालय से बाहर भी हमारा लगभग प्रत्येक आचरण/व्यवहार 'आचरण नियमावली' के दायरे में आता है। उन्होंने नियमावली के महत्वपूर्ण बिदुओं को रेखांकित करते हुए उच्चतम न्यायालय के तत्संबंधी निणयों की भी चर्चा की। कार्यशाला में उपस्थित सहकर्मियों से परस्पर संवाद के दौरान उन्होंने सहकर्मियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। अंत में उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराने के लिए निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला के दौरान सभागार में उपस्थित सहकर्मीवृंद

अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ पी सी पंचारिया,
निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

संस्थान के निदेशक **डॉ पी सी पंचारिया** ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संस्थान के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी के लिए आचरण नियम जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों को आचरण नियमों से अवगत कराने एवं महत्व पूर्ण जानकारी देने के लिए श्री मुकुंद सहाय, पूर्व प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ को धन्यवाद

दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सहकर्मी व्याख्यान से लाभान्वित हुए होंगे।

श्री मुकुंद सहाय को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

आमंत्रित व्याख्यान के उपरांत डॉ पंचारिया ने श्री मुकुंद सहाय को संस्थान की ओर से **शॉल व स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम संचालन करते हुए श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी

इससे पूर्व **श्री जय शंकर शरण,** प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी ने कार्यशाला का संयोजन करते हुए कार्यशाला में उपस्थित सहकर्मियों को आमंत्रित अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला/व्याख्यान का आयोजन सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में किया जा रहा है।

अंत में श्री जय शंकर शरण ने औपचारिक रूप से **धन्यवाद ज्ञापित** करते हुए आमंत्रित व्याख्यान देने के लिए श्री मुकुंद सहाय के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यशाला/व्याख्यान के आयोजन की अनुमति प्रदान करने के लिए निदेशक, सीएसआईआर-सीरी को धन्यवाद दिया।